Roll No. ....

(01/22-II)

5208

B.Sc. EXAMINATION

(Third Semester)

HINDI

Time : Three Hours *Maximum Marks* : 40

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6=12

(क) राम-रहीम बुद्ध-ईसा का,
सुलभ एक-सा ध्यान यहाँ,
भिन्न-भिन्न नव संस्कृतियों के,
गुण-गौरव का ज्ञान यहाँ ।
नहीं चाहिए बुद्धि वैर की,
भला प्रेम-उन्माद यहाँ ।
सबका शिव-कल्याण यहाँ है,
पावें सभी प्रसाद यहाँ ।

QUESTION BANK OF HARYANA

(ख) जलता है यह जीवन पतंग !
जीवन कितना ? अति लघुक्षण,
ये शलभ पुंज से कण-कण,
तृष्णा वह अनल शिखा बन
दिखलाती रक्तिम यौवन ।
जलने की क्यों न उठे उमंग ?

(ग) उसके मधु-सुहाग का दर्पण
जिसमें देखा था उसने
बस एक बार बिंबित अपना जीवन-धन,
अबला हाथों का एक सहारा-
लक्ष्य जीवन का प्यारा वह ध्रुवतारा
दूर हुआ वह बहा रहा है
उस अनन्त पथ से करुणा की धारा ।

(घ) परम्परा और क्रान्ति में
संघर्ष चलने दो ।
आग लगी है, तो
सूखी टहनियों को जलने दो ।
मगर जो टहनियाँ
आज भी कच्ची और हरी हैं
उन पर तो तरस खाओ
मेरी एक बात तुम मान जाओ ।

2. जयशंकर प्रसाद तथा रामधारी सिंह दिनकर में से किसी **एक** का साहित्यिक परिचय लिखिए । 6

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 8

(क) विज्ञान और औद्योगीकरण

(ख) दूरदर्शन

(ग) समाचार-पत्रों का महत्त्व

(घ) मद्य-निषेध

(ङ) वैश्वीकरण और विज्ञान ।

4. उपायुक्त के नाम पत्र लिखकर अपने जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित कीजिए । 9

अथवा

कुल सचिव को पत्र लिखकर नौकरी के लिए आवेदन कीजिए ।

5. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी-तकनीकी अर्थ लिखिए :

(i) Antibodies

(ii) Electro-osmosis

QUESTION BANK OF HARYANA

(iii) Calculating Machine

(iv) Fission

(v) Catalyst

(vi) Formula

(vii) Convex

(viii) Germicide

(ix) Distillation

(x) Heater.

QUESTION BANK OF HARYANA